कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला – नारायणपुर (छ0ग0)

Ph.& Fax No. 07781-252483 E-Mail ID – cmhonpur@gmail.com

कमांक /3792/HR/NHM/मु.चि.अ/2026–27 नारायणपुर, दिनांक 18/11/2026

–:: भर्ती विज्ञापन ::–

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ग शासन के अर्द्ध शास. पत्र कमांक ESTB/15733/565 दिनांक 01.06.2026 के DO पत्र के माध्यम से निर्देशानुसार एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. नवा रायपुर के पत्र कमांक/NHM/PROJ-1853/2025-SECTION (NHM)/ 1312-1344 दिनांक 03.08.2026 के आर.ओ.पी. में प्राप्त स्वीकृति के आधार पर एवं छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के पत्र कमांक/एफ 13–1/2023/आ.प्र./1–3, नवा रायपुर दिनांक 03.05.2023 के कण्डिक (3) के अनुसार नियुक्ति एवं चयन प्रकिया माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के एस.एल.पी.(सी) कमांक 19668/2022 के अंतिम आदेश के अध्यधीन होंगी। कलेक्टर/अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मानव संसाधन नीति 2018 के अनुसार संविदा रिक्त पदों की भर्ती किया जाना है। **कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नारायणपुर, जिला नारायणपुर छ0ग0 के पते पर पंजीकृत रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से दिनांक 19.11.2026 से 04.12.2026 सायंकाल 05:00 बजे तक पूर्ण भरे हुए एवं लिफाफ पर पद नाम लिखे हुए आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।**

संविदा पदों की विवरण निम्नानुसार है:–

स. क.	पदनाम	रिक्त पद	मासिक वेतन	श्रेणीवार रिक्त पद			
				ST	SC	OBC	UR
1	Audiologist	1	25000	0	0	0	1
2	Technical Assistant - Audiometric	1	15000	0	0	0	1
3	OT Technician	1	14000	0	0	0	1
4	Counselor - NHM	1	12000	0	0	0	1
योग		4					

बैकलॉग पद							
स. क.	पदनाम	रिक्त पद	मासिक वेतन	श्रेणीवार बैकलॉग रिक्त पद			
				ST	SC	OBC	UR
5	Block Manager – Account	1	21000	1	0	0	0
6	Staff Nurse (NRC)	1	16000	1	0	0	0
7	Staff Nurse (NBSU)	1	16000	1	0	0	0
8	Staff Nurse (SNCU)	1	16000	1	0	0	0
9	Aya Bai	1	8800	0	0	1	0
योग		5		4	0	1	0

Scanned with OKEN Scanner

अनिवार्य शैक्षणिक/व्यवसायीक अहर्ता एवं चयन का आधार

क.	पद का नाम	अनिवार्य शैक्षणिक/व्यवसायीक अहर्ता	चयन का आधार
1	Audiologist	Bachelor of Audiology & Speech Language Pathology (BASLP)/ B.S.C. (Speech and Hearing) From RCI recognized Instutute.	शैक्षणिक योग्यता का 65 प्रतिशत एवं 15 अंक (एनएचएम कार्यरत अभ्यार्थियों) को अनुभव का प्रत्येक वर्ष 03 अंक एंव 10 अंक अन्य अभ्यार्थियों को अनुभव का प्रत्येक वर्ष 02 दिया जार्वेगा) (अधिकतम 5 वर्ष) तथा लिखित परीक्षा का –20 अंक
2	Technical Assistant - Audiometric	Diploma in Hearing Language and Speech (DHLS) को प्रथम प्राथमिकता तथा छत्तीसगढ़ पैरामेडिकल काउंसिल द्वारा चलाये 01 वर्षिय पाठयकम सर्टिफिकेट पैरामेडिकल ऑफडियोलॉजी/स्पीच टेक्नीशियन कोर्स को द्वितीय प्राथमिकता दिया जावेगा। (कोर्स भारतीय पुनर्वास परिषद से मान्यता प्राप्त होना चाहिए)	शैक्षणिक योग्यता का 65 प्रतिशत एवं 15 अंक (एनएचएम कार्यरत अभ्यार्थियों) को अनुभव का प्रत्येक वर्ष 03 अंक एंव 10 अंक अन्य अभ्यार्थियों को अनुभव का प्रत्येक वर्ष 02 दिया जार्वेगा) (अधिकतम 5 वर्ष) तथा लिखित परीक्षा का –20 अंक
3	OT Technician	1. Biology, Chemistry & Physics Passed in 10+2, 2. OT Technician Paramedical Course & live Registration in C.G. Paramedical Registrastion Council.	शैक्षणिक योग्यता का 65 प्रतिशत एवं 15 अंक (एनएचएम कार्यरत अभ्यार्थियों) को अनुभव का प्रत्येक वर्ष 03 अंक एंव 10 अंक अन्य अभ्यार्थियों को अनुभव का प्रत्येक वर्ष 02 दिया जार्वेगा) (अधिकतम 5 वर्ष) तथा लिखित परीक्षा का –20 अंक
4	Counselor - NHM	Post Graduate degree in Sociology /Diploma in Psychology/counseling/ Helath Education/ Mass Communication/ social science.	शैक्षणिक योग्यता का 65 प्रतिशत एवं 15 अंक (एनएचएम कार्यरत अभ्यार्थियों) को अनुभव का प्रत्येक वर्ष 03 अंक एंव 10 अंक अन्य अभ्यार्थियों को अनुभव का प्रत्येक वर्ष 02 दिया जार्वेगा) (अधिकतम 5 वर्ष) तथा लिखित परीक्षा का –20 अंक
5	Block Manager – Account	– 1. B.Com minimum + 1 Year Computer Diploma (PGDCA) 2. knowledge of Tally is compulsory	शैक्षणिक योग्यता का 65 प्रतिशत एवं 15 अंक (एनएचएम कार्यरत अभ्यार्थियों) को अनुभव का प्रत्येक वर्ष 03 अंक एंव 10 अंक अन्य अभ्यार्थियों को अनुभव का प्रत्येक वर्ष 02 दिया जार्वेगा) (अधिकतम 5 वर्ष) तथा लिखित व कौशल परीक्षा का –20 अंक
6	Staff Nurse (NRC)	B.Sc. Nursing OR GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council.	शैक्षणिक योग्यता का 65 प्रतिशत एवं 15 अंक (एनएचएम कार्यरत अभ्यार्थियों) को अनुभव का प्रत्येक वर्ष 03 अंक एंव 10 अंक अन्य अभ्यार्थियों को अनुभव का प्रत्येक वर्ष 02 दिया जावेगा) (अधिकतम 5 वर्ष) एवं वर्ष 2017 के उपरांत भी ए.एन. एम/नर्सिंग प्रशिक्षण प्राप्त मितानिनों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत स्वीकृत संविदा स्टॉफ नर्स/एएन.एम. पदों में भर्ती हेतु निर्धारित बोनस अंक अनुभव अंक प्रतिवर्ष 04 अंक देते हुए अधिकतम 20 अतिरिक्त अंक दिया जावेगा तथा लिखित परीक्षा का –20 अंक
	Staff Nurse (NBSU)	B.Sc. Nursing OR GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council.	शैक्षणिक योग्यता का 65 प्रतिशत एवं 15 अंक (एनएचएम कार्यरत अभ्यार्थियों) को अनुभव का प्रत्येक वर्ष 03 अंक एंव 10 अंक अन्य अभ्यार्थियों को अनुभव का प्रत्येक वर्ष 02 दिया जावेगा) (अधिकतम 5 वर्ष) एवं वर्ष 2017 के उपरांत भी ए.एन. एम/नर्सिंग प्रशिक्षण प्राप्त मितानिनों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत स्वीकृत संविदा स्टॉफ नर्स/एएन.एम. पदों में भर्ती हेतु निर्धारित बोनस अंक अनुभव अंक प्रतिवर्ष 04 अंक देते हुए अधिकतम 20 अतिरिक्त अंक दिया जावेगा तथा लिखित परीक्षा का –20 अंक

Scanned with OKEN Scanner

8	Staff Nurse (SNCU)	B.Sc. Nursing OR GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council.	शैक्षणिक-योग्यता का 65 प्रतिशत एवं 15 अंक (एनएचएम कार्यरत अभ्यार्थियों) को अनुभव का प्रत्येक वर्ष 03 अंक एंव 10 अंक अन्य अभ्यार्थियों को अनुभव का प्रत्येक वर्ष 02 दिया जावेगा) (अधिकतम 5 वर्ष) एवं वर्ष 2017 के उपरांत भी ए.एन. एम/नर्सिंग प्रशिक्षण प्राप्त मितानिनों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत स्वीकृत संविदा स्टॉफ नर्स/एएन.एम. पदों में भर्ती हेतु निर्धारित बोनस अंक अनुभव अंक प्रतिवर्ष 04 अंक देते हुए अधिकतम 20 अतिरिक्त अंक दिया जावेगा तथा लिखित परीक्षा का –20 अंक
9	Aya Bai	8th Class Pass	बहुविकल्पीय परीक्षा में मेरिट के आधार पर चयन

संविदा भर्ती के संबंध में महत्व पूर्ण शर्ते एंव दिशा–निर्देश :–

01. यह विज्ञापन एक वर्ष के लिए वैद्य होगा।
02. आवेदक जिले के वेबसाईट www.narayanpur.gov.in में विज्ञापन अनुसार आवेदन पत्र का प्रारूप डाउनलोड कर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।
03. **कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, नारायणपुर में पंजीकृत रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से ही स्वीकार किया जावेगा।**
04. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. अंतर्गत राज्य समिति की कार्यकारिणी समिति की बैठक दिनांक 17.05.2018 में लिए गये निर्णय अनुसार एजेंडा के 05 में 31 दिसंबर 2017 तक ए.एन.एम. पाठ्यक्रम में उत्तीर्ण हो चुकी मितानिनों को स्थान पर अनुभव अंक प्रतिवर्ष 04 अंक देते हुए अधिकतम 20 अतिरिक्त अंक तक दिये जाने का प्रावधान किया गया है। उक्त संबंध में अवगत होना चाहेंगे कि संदर्भित पत्र क. 02 के माध्यम से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. अंतर्गत राज्य स्वास्थ्य समिति की कार्यकारिणी समिति की बैठक दिनांक 19.08.2023 में लिए गये निर्णय अनुसार एजेंडा क. 06 में वर्ष 2017 के उपरांत भी ए.एन.एम/नर्सिंग प्रशिक्षण प्राप्त मितानिनों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत स्वीकृत संविदा स्टॉफ नर्स/एएन.एम. पदों में भर्ती हेतु निर्धारित बोनस अंक दिये जाने पर समिति द्वारा सहमति दी गई है। राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।
05. अनुभव प्रमाण पत्र केवल शासकीय/अर्द्वशासकीय संस्थान (केन्द्र व छ.ग. शासन का उपक्रम) का ही मान्य होगा। पद से संबंधित कार्यानुभव पर प्रति वर्ष 02 अंक व अधिकतम 10 अंक एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों को प्रति वर्ष 03 अंक व अधिकतम 15 अंक प्रदान किया जावेगा। वर्ष पूर्ण होने पर ही 01 वर्ष की गणना की जावेगी। (आवेदक को अनुभव प्रामण पत्र के साथ कार्यालय का आदेश पत्र संलग्न करना अनिवार्य होना, कार्यालय का ओदश पत्र नहीं होने की स्थिति में अनुभव के अंक प्रदान नहीं किया जावेगा।)
06. लिखित/कौशल परीक्षा जिला प्रशासन के निर्देशानुसार कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नारायणपुर, जिला नारायणपुर, में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी को किसी प्रकार का यात्रा व्यय का भुगतान देय नही होगा।
07. छत्तीसगढ़ के मूल निवासी होना अनिवार्य है।
08. आवेदन पत्र के साथ संलग्न समस्त प्रमाण पत्रों को अच्छी तरह से संलग्न किया जावे।
09. निर्धारित कम में व्यवस्थित करें। (1) आवेदन पत्र (2) जमा राशि पावती (3) शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र (4) जाति प्रमाण पत्र (5) निवास प्रमाण पत्र (6) रोजगार पंजीयन (7) अनुभव/अनापत्ति प्रमाण पत्र (8) अन्य प्रमाण पत्र
10. एक से अधिक पदों में भर्ती के इच्छुक उम्मीदवारों को प्रत्येक पद के लिए अलग – अलग आवेदन एवं जमा राशि पावती करना अनिवार्य होगा।
11. अभ्यार्थी आवेदन पत्र में निर्दिष्ट स्थान पर स्वयं का नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो स्वयं के द्वारा सत्यापित कर चिपकायें अन्यथा आवेदन निरस्त माना जावेगा। एवं ऐसे आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
12. आवेदन शुल्क District Health Society Non NRHM Other Fund के नाम से डी.डी के माध्यम से जमा कर पावती आवेदन पत्र के साथ में संलग्न करें। बिना डी.डी. के आवेदन पंत्र मान्य नहीं किया जावेगा। विज्ञापन के अंतिम तिथि के बाद का आवेदन शुल्क मान्य नहीं होगा। **(नोट :– डी.डी. के पीछे स्पष्ट अक्षरों में अपना नाम व आवेदित पद का नाम एवं कैटगरी अवश्य रूप से लिखे)**

वर्ग	निर्धारित मानदेय 25000/– से कम पर शुल्क	निर्धारित मानदेय 25000/– से अधिक पर शुल्क
दिव्यॉग जन/अ.जा./ अ.ज.जा.	100/–	200/–
अन्य पिछड़ा वर्ग/महिला	200/–	300/–
अनारक्षित	300/–	400/–

Scanned with OKEN Scanner

13. निर्धारित समय व तिथि में आवेदित पद के अनुसार अना., अज, अजजा एवं अपिव के संबंधित अभ्यर्थी को निर्धारित शुल्क, के साथ आवेदन जमा किया जाना अनिवार्य होगा अन्यथा आवेदन निरस्त माना जावेगा।
14. संविदा मानदेय :– संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एकमुश्त मानदेय प्रावधानित आर.ओ.पी. अनुसार देय होगा, इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार का भत्ता/सुविधा देय नहीं होगा।
15. दस्तावेजों की कमी होने के पर दावा आपत्ति के माध्यम से प्रस्तुत दस्तावेजों का मान्य नहीं किया जायेगा। केवल आवेदन पत्र में त्रुटी सुधार हेतु दावा आपत्ति कर सकते हैं।
16. उक्त पदों की संविदा नियुक्ति 31 मार्च 2027 तक के लिए होगी, तथापि विभाग आवश्यकता के आधार पर एवं संविदा में नियुक्त व्यक्ति के उपयुक्तता के ऑकलन कर संविदा में वृद्धि करने का निर्णय ले सकेगी।
17. प्रतीक्षा सूची के वैधता एक वर्ष की होगी।
18. चयनित अभ्यार्थी को कार्य में उपस्थित होने के पश्चात किसी भी समय एक माह का नोटिस अथवा एक माह का वेतन देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकती है, इसी प्रकार किसी भी अभ्यार्थी का त्यागपत्र देने के पूर्व एक माह पूर्व सूचना देना होगा अथवा एक माह का वेतन जमा करना होगा।
19. यह संविदा नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई व अस्थानांतरणीय होगा तथा नियुक्ति ओदश जारी करने पर संबंधित को अपने मूल पदस्थापना स्थल में निर्धारित समयावधि में उपस्थिति देना अनिवार्य होगा अन्यथा अभ्यार्थी की नियुक्ति आदेश स्वतः निरस्त हो जावेगी।
20. चयन प्रकिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि किसी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार से निष्पक्ष चयन प्रकिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है तो उनका आवेदन अमान्य कर दिया जावेगा तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नही किया जावेगा।
21. भर्ती प्रकिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार अध्यक्ष/कलेक्टर, जिला स्वास्थ्य समिति, जिला नारायणपुर को होगा, जो सभी को मान्य होगा।
22. शासकीय/अर्द्धशासकीयसंस्था में कार्यरत कर्मचारियों को नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा अन्यथा आवेदन विचारणीय नही होगा।
23. अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के संबंध में उम्मीदवार को कोई सूचना नही दी जावेगी, प्रत्येक आवेदकों को चाहिए कि विज्ञापन में दिये गये निर्देशों तथा आवेदन पत्र में सभी जानकारी अवलोकन कर सावधानी पूर्वक सही एवं पूर्ण जानकारी भरें, यदि आवेदन पत्र में कोई जानकारी अपूर्ण या त्रुटिपूर्ण पायी जावेगी तो उसकी पूरी जिम्मेदारी आवेदक की होगी, त्रुटिपूर्ण अथवा अपूर्णता के आधार पर आवेदक को बिना पूर्व सूचना दिये आवेदन पत्र चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकेगा।
24. अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
25. विज्ञापन में विज्ञापित पद अनुरूप निर्धारित अर्हताधारी अभ्यर्थी के ही आवेदन स्वीकार किये जायेंगे।
26. भविष्य में पदों की संख्या घटायी एवं बढ़ायी जा सकती है।
27. आवेदन प्रारूप में निर्धारित स्थान पर अभ्यर्थी के हस्ताक्षर एवं स्वयं सत्यापित फोटो चस्पा किया जाना अनिवार्य होगा अन्यथा आवेदन निरस्त किया जावेगा।
28. अभ्यार्थी द्वारा प्रस्तुत अनुभव प्रमाण पत्र में संबंधित संस्था का नाम डिस्पैच कमांक/दिनांक किस पद का अनुभव है एवं कब से कब तक का अनुभव है, का नियोक्ता द्वारा जारी होना आवश्यक है जिसमें स्पष्ट उल्लेख होना अनिवार्य है अन्यथा अनुभव प्रमाण पत्र विचारणीय नही होगा। एवं आवेदन तिथि के पश्चात् के अनुभव प्रमाण पत्र को मान्य नहीं किया जावेगा।
29. प्राप्त आवेदनों में से रिक्तियों के आधार पर निम्न तालिका में दिये अनुसार अभ्यर्थियों का **लिखित/कौशल/साक्षात्कार** परीक्षा हेतु आहूत किया जावेगा।

कमांक	कुल विज्ञापित पदों की संख्या	कौशल/साक्षात्कार परीक्षा किये जाने हेतु अभ्यार्थियों की संख्या
1	1 से 10	कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 10 गुना
2	11 से 50	कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 05 गुना
3	50 से अधिक	कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 03 गुना

30. आयु सीमा – 01 जनवरी 2026 को आयु न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 70 वर्ष चिकित्सकीय पद हेतु 64 वर्ष प्रबंधकीय पद पर होनी चाहिए। आयु की गणना 01 जनवरी 2026 से की जावेगी। इस आयु सीमा में सभी प्रकार के छूट शामिल है।
31. संविदा भर्ती के संबंध में आरक्षण एवं अन्य शर्ते राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. द्वारा जारी मानव संसाधन नीति 2018 के अनुसार लागू होगी।
32. नियुक्ति उपरांत समस्त प्रस्तुत दस्तावेजों का सत्यापन कराया जावेगा किसी प्रकार की दस्तावेजों में विपरीत या प्रतिकुल प्रमाण पत्र प्राप्त होता है, तो नियुक्ति आदेश तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जावेगा।
33. पूर्व में किसी भी अभ्यर्थी को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मानव संसाधन नीति 2018 के तहत् नियमों के उल्लंघन के कारण पद से पृथक किया गया हो या सेवा समाप्त किया गया हो ऐसे अभ्यर्थी का आवेदन अमान्य माना जावेगा।

Scanned with OKEN Scanner

1. आठवीं की अंकसूची
2. दसवीं का अंकसूची व बारहवीं की अंकसूची
3. स्नातक/स्नात्कोत्तर परीक्षा के समस्त वर्षो की अंकसूची
4. संबंधित डिग्री/डिप्लोमा
5. संबंधित कौंसिल का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र
6. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र
7. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी मूल निवासी प्रमाण पत्र
8. निःशक्तता प्रमाण पत्र (जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी)
9. अनुभव प्रमाण पत्र :– शासकीय संस्थान एवं अर्द्धशासकीय संस्थान एवं शासकीय वित्तीय सहायता प्राप्त संस्थानों या उपकर्मों का ही मान्य होगा।

35. जिला रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन अनिवार्य है। (छायाप्रति संलग्न करें)।

36. चयन प्रकिया व लिखित/कौशल/साक्षात्कार

अंतिम चयन सूची निम्न आधार पर तैयार की जावेगी –

अ. शैक्षणिक योग्यता – 65 प्रतिशत।

ब. अनुभव अंक – 10 अंक (अन्य अभ्यर्थीयों को अनुभव का प्रत्येक वर्ष 02 अंक दिया जावेगा।)

15 अंक (एनएचएम में कार्यरत अभ्यर्थियों को अनुभव का प्रत्येक वर्ष 03 अंक दिया जावेगा।)

अनुभव प्रमाण पत्र केवल शासकीय/अर्द्वशासकीय संस्थान (केन्द्र व छ.ग. शासन का उपक्रम) का ही मान्य होगा। आवेदक को अनुभव प्रमाण पत्र के साथ कार्यालय का आदेश पत्र, सील व हस्ताक्षर सहित मूल आदेश पत्र लाना अनिवार्य होगा, कार्यालय का आदेश पत्र नही होने की स्थिति में अनुभव के अंक प्रदान नही किया जावेगा।

स. केवल स्टॉफ नर्स (एनआरसी, एनबीएसयू एवं एसएनसीयू) पद हेतु शैक्षणिक योग्यता का 65 प्रतिशत एवं 15 अंक (एनएचएम कार्यरत अभ्यार्थियों) को अनुभव का प्रत्येक वर्ष 03 अंक एंव 10 अंक अन्य अभ्यार्थियों को अनुभव का प्रत्येक वर्ष 02 दिया जावेगा) (अधिकतम 5 वर्ष) एवं वर्ष 2017 के उपरांत भी ए.एन.एम/नर्सिंग प्रशिक्षण प्राप्त मितानिनों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत स्वीकृत संविदा स्टॉफ नर्स/एएन.एम. पदों में भर्ती हेतु निर्धारित बोनस अंक अनुभव अंक प्रतिवर्ष 04 अंक देते हुए अधिकतम 20 अतिरिक्त अंक दिया जावेगा तथा लिखित परीक्षा का –20 अंक

द. लिखित/कौशल/साक्षात्कार परीक्षा –20 अंक

निर्धारित 20 अंक में से आवेदक के 33% प्रतिशत अंक (06 अंक) लाना अनिवार्य है। 33% प्रतिशत से कम अंक पाने वाले आवेदक अपात्र होंगे।

घ. अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के आदेश कमांक एफ 1–67/2021/सत्रह/एक दिनांक 07 दिसम्बर 2021 के माध्यम से राज्य शासन द्वारा लिए गये निर्णय अनुसार कोरोना वैष्विक महामारी के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में नियुक्त एवं छः माह तक लगातार सेवा देने वाले अस्थायी स्वास्थ्य कर्मियों को नियमानुसार 10 बोनस अंक का लाभ दिया जायेगा।

37. एक से अधिक अनुभव है तो जो-अधिकतम होगा वह दिया जावेगा।

38. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मानव संसाधन नीति 2018 के कंडिका परिपालन में ऐसे अभ्यर्थी, जिनकी सेवायें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन/किसी भी शासकीय/अर्धशसकीय विभाग/शासन द्वारा वित्त पोषण संस्थायें द्वारा अनुशासनहीनता/वित्तीय अनिमियतता/अनुचित व्यवहार के कारण से सेवा समाप्त की गयी है, उन्हें अपात्र उम्मीदवार की श्रेणी में रखा जावेगा।

39. मेरिट के आधार अभ्यर्भी कौशल/साक्षात्कार में उपस्थित नहीं होने दशा में उक्त अभ्यर्थी को अपात्र घोषित कर दिया जावेगा।

40. कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार में 0 अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को अपात्र घोषित कर दिया जावेगा।

41. परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात् 1 वर्ष तक के लिए प्रतीक्षा सूची वैद्य रहेगा।

Scanned with OKEN Scanner

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जिला नारायणपुर अंतर्गत विभिन्न संविदा पदों की भर्ती की हेतु फार्म जमा करने के लिए समय–सारणी

क्र.	पदनाम	आवेदन प्रस्तुत करने की प्रारम्भ तिथि	आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	आवेदन प्रस्तुत करने का माध्यम	रिमार्क
1	Audiologist	19.11.2026	04.12.2026	पंजीकृत रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से ही आवेदन स्वीकार किया जावेगा।	निर्धारित तिथि उपरांत प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जावेगा।
2	Technical Assistant - Audiometric				
3	OT Technician				
4	Counselor - NHM				
5	Block Manager – Account				
6	Staff Nurse (NRC)				
7	Staff Nurse (NBSU)				
8	Staff Nurse (SNCU)				
9	Aya Bai				

18.11.26

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला– नारायणपुर (छ0ग0)

Scanned with OKEN Scanner

आवेदन पत्र प्रारूप

स्वप्रमाणित
नवीनतम पासपोर्ट
साईज फोटो
चस्पा करें

प्रति,

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला – नारायणपुर (छ0ग0)
विज्ञापन क्रमांक व दिनांक.....
आवेदित पद का नाम.....
कार्यक्रम का नाम.....

1. आवेदक/आवेदिका का पूरा नाम (हिन्दी में) :.....

   (अंग्रेजी में) :.....

2. पिता / पति का नाम :.....

3. जन्म तिथि (अंको में) :.....

   (शब्दों में) :.....

4. आयु दिनांक 01/01/2026 :वर्ष.....माह.....दिन.....

   (प्रमाण पत्र/अंकसूची की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

5. जाति (अजजा/अजा/अपिव/सामान्य) :.....

   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें)

6. पत्र व्यवहार का पूर्ण पता :.....

   :.....

   :.....

   मोबाईल नम्बर : :.....

7. स्थायी पता :.....

   :.....

   :.....

8. रोजगार कार्यालय का नाम एवं एवं जीवित पंजीयन :.....

   क्रमांक एवं दिनांक (सत्यापित छायाप्रति संलग्न करे) :.....

9. क्या आवेदक आयु सीमा में छूट चाहते है यदि हॉ :.....

   तो किस श्रेणी से उल्लेख करें ।

10. क्या आवेदक छ0ग0 राज्य का मूल निवासी है :.....

    यदि हॉ तो समक्ष अधिकारी द्वारा मूल निवासप्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करे।:.....

11. क्या आवेदक छ0ग0 शासन द्वारा छ0ग0 राज्य के लिए घोषित अनुसूचित जाति/ :.....

    जनजाति /अन्य पिछडा वर्ग का सदस्य है हॉ/नही । यदि हॉ तो समक्ष अधिकारी द्वारा जाति प्रमाण प्रत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करे।

Scanned with OKEN Scanner

12. क्या आवेदक विकलॉग है । :.....

13. विकलांग का प्रकार एवं प्रतिशत :.....

(मेडिकल बोर्ड का प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करे :.....

14. क्या आवेदक भूतपूर्व सैनिक है हॉ/नही :.....

यदि हॉ तो समक्ष अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें :.....

15. वाहन चालक पद हेतु हेवी ड्रायविंग लाईसेंस संलग्न हां /नहीं :.....
(यदि हां तो लाईसेंस नम्बर)

16. डीडी कमांक :.....

17. शैक्षणिक योग्यता एवं तकनीकी योग्यता :

क्र0	उत्तीर्ण परीक्षा का नाम	बोर्ड/वि.वि./ संस्थान	उत्तीर्ण करने का वर्ष	प्राप्तांक /पूर्णांक	प्रतिशत

(प्रमाण पत्र एवं अंकसूची संलग्न करें)

18. कार्यानुभव :–

क्र0	पद का नाम	कार्यालय/संस्थान का नाम	कुल कार्य अवधि	कार्य विवरण	रिमार्क

Scanned with OKEN Scanner

(कार्यानुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें)

19. क्या आवेदक शासकीय/अर्ध्दशासकीय संस्थान में सेवारत है ? हॉ /नही यदि हॉ तो समक्ष अधिकारी द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करे :.....

20. यदि हॉ हो तो वर्तमान तथा पूर्व नौकरी का विवरण और कुल वर्ष :.....
अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करे। शासकीय/अर्धशासकीय मान्यता प्राप्त संस्थाओं में कार्य अनुभव।

21. क्या आवेदक /आवेदिका के विरूद्व कोई दाण्डिक प्रकरण थाने किसी थाने/न्यायालय में अनुसंधान /विचारण हेतु लंबित है । अथवा किसी न्यायालय में निराकृत हो चुका है एवं निर्णय आदि की जानकारी स्पष्ट रूप से उल्लेख करें । :.....

22. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची

1..... 2..... 3..... 4.....

5..... 6..... 7..... 8.....

9..... 10..... 11..... 12.....

आवेदक/आवेदिका का हस्ताक्षर

–: घोषणा पत्र :–

"मै एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि इस प्रपत्र में प्रस्तुत समस्त विवरण एवं संलग्न अभिलेख मेरी व्यक्तिगत जानकारी और विश्वास के अनुसार पूर्णतः सत्य है। यदि कोई भी जानकारी/अभिलेख असत्य पाई जाती है तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति निरस्त किये जाने योग्य होगी एवं मेरे विरूद्व वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी ।"

आवेदक/आवेदिका नाम

हस्ताक्षर व पूर्ण पता

स्थान :.....

दिनांक :.....

Scanned with OKEN Scanner